परियोजना का नाम : जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में जिला योजना के अन्तर्गत तूना बौठा मोटर मार्ग से बर्सू तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग को वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव, लम्बाई 0.50 किमी0

## प्रस्तावित परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश

-----------------संलग्न है-------------

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग |

23

# आदेश

उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–1 के पत्र संख्या 524/XXVII(1)/2018 दिनांक 03.04.2018 के क्रम में लो0नि0वि0 रुद्रप्रयाग की जिला योजना के अन्तर्गत मार्ग/सेतु कार्य हेतु ₹ 640.00 लाख ( छः करोड़ चालीस लाख रूपये मात्र) के सापेक्ष सामान्य(अनुदान संख्याः–07) के अन्तर्गत ₹ 518.40 लाख, एस0सी0एस0पी0(अनुदान संख्याः–30) के अन्तर्गत ₹ 121.60 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है। दिनांक 05.06.2018 को तत्कालीन प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में लो0नि0वि0 की कुल 33 योजनायें ₹ 453.48 लाख की अनुमोदित की गयी हैं। उक्तानुसार उक्त कुल 33 योजनाओं लागत रू0 453.48 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती है।

शर्तें:–

1. जिला योजना हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण जिला योजना समिति के द्वारा अनुमोदित परिव्यय एवं योजनाओं के अनुरूप ही किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का ऐसी योजनाओं पर कदापि व्यय न किया जाय जिसके समबन्ध में तकनीकी स्वीकृति प्राप्त न हो अथवा योजना विवाद ग्रस्त हो।
3. व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो उसमें व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय। निर्माण कार्यों पर व्यय करने से पूर्व आगणनों/पुनरीक्षित आगणनों पर सक्षम प्राधिकारी की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।
4. किसी भी शासकीय व्यय हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1(वित्तीय अधिकार प्रतिनिधायन नियम) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1(लेखा नियम) आय व्ययक नियम(बजट मैनुअल) तथा शासनादेश वित्त(वि0आ0–सा0नि0)–अनुभाग–7 के पत्र संख्या 80/XXVII(7)/2008 दिनांक 15.06.2015 द्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति(प्रक्योरमेंट/संशोधन) नियमावली 2015/वित्त(वि0आ0–सा0नि0)–अनुभाग–7 के पत्र संख्या 130/XXVII(7)/32/2017 दिनांक 14.07.2017 द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति(प्रक्योरमेंट) नियमावली 2017 के सुसंगत वित्तीय नियमों, शासनादेशों आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
5. उक्त धनराशि का व्यय मानकों के आधार पर किया जायेगा तथा आवश्यतानुसार कोषागार से आहरण किया जायेगा। योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों का विवरण नियोजन विभाग एवं शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
6. स्वीकृत धनराशि के कराये जा रहे विभिन्न कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्वता हेतु सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष उत्तरदायी होंगे।
7. धनराशि का उपयोगोपरान्त कराये गये कार्यों की योजनावार/लाभार्थीवार/ग्रामवार सूची एवं व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र नियोजन विभाग/शासन का उपलब्ध कराया जायेगा।
8. निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में विभागीय मानकों का कड़ाई से पालन किया जाये। निर्माण कार्यों के लिए विभिन्न विभागों में कार्यरत अभियन्ताओं को सम्मिलित करते हुए तकनीकी गुणवत्ता का परीक्षण का निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष का होगा।
9. योजनाओं की माहवार/भौतिक प्रगति प्रत्येक माह की 3 तारीख तक जनपदीय नियोजन विभाग/मण्डल/शासन को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।
10. स्वीकृत की जा रही धनराशि के आहरण से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि जिला योजना में जनपदवार अनुमोदित प्लान आलेख एवं योजना के अनुसार धनराशि का आहरण एवं उपभोग की तत्काल आवश्यकता है। आहरित धनराशि का व्यय दिनांक 31.03.2019 तक पूर्ण करना आवश्यक होगा।

Photo Copy Attached

Assistant Engineer
Provincial Division PWD
Rudraprayag

11. सचिव वित्त उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 364/XXVII(1)/2017 वित्त अनुभाग–1 दिनांक 13 अप्रैल 2017 द्वारा निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित विभाग के जनपदीय नोडल अधिकारी(जिला योजना) एवं कार्यालयाध्यक्ष का होगा।

12. निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 624/जि0यो0/रा0यो0आ0/मु0सं0/2008 दिनांक 24 मार्च 2008 में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलास्तर/मण्डलस्तर पर गठित तकनीकी गुणवत्ता परीक्षण समिति से योजनाओं के प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त ही इन योजनाओं पर धनराशि व्यय की जाय।

13. शासन के व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। अतः व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

14. जिला योजना एवं वार्षिक योजना है। अतः किसी भी दशा में वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त में अवशेष को बुक ट्रॉसफर के माध्यम से सुसंगत प्राप्त लेखाशीर्षक में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

15. किसी भी दशा में पी0एल0ए0 से धनराशि आहरित कर बैंक में नहीं रखी जायेगी।

16. सम्बन्धित विभाग ऑन लाईन बजट आवंटन के पश्चात अपने डी0डी0ओ0 मॉड्यूल से बजट को पी0एल0ए0/डी0सी0एल0 में स्थानान्तरण करना सुनिश्चित करें।

17. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018–19 के आय व्यक में लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0 22 लेखा शीर्षक 5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–04 जिला तथा अन्य सड़कें–आयोजनागत 800–अन्य व्यय 91 जिला योजना 00–24 वृहद निर्माण कार्य की मद के नामे डाला जायेगा।

संलग्न :– यथोक्त

जिलाधिकारी
रूद्रप्रयाग।

पत्र सं0 45 /जिला योजना/अर्थ एवं संख्या/लो0नि0वि0/2018–19 दि0: 28/11/2018

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
2. महालेखाकार लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. सचिव वित्त(बजट अनुभाग) उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
4. सचिव नियोजन उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5. निदेशक अर्थ एवं संख्या 100/6 नैशविला मार्ग देहरादून।
6. प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड देहरादून।
7. मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
8. वरिष्ठ कोषाधिकारी रूद्रप्रयाग।
9. अधिशासी अभियन्ता, प्रा0/नि0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग/ऊखीमठ।
10. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी
रूद्रप्रयाग।

Photo Copy Attached

Assistant Engineer
Provincial Division PWD
Rudraprayag

25

# जिला योजना वर्ष 2018–19 में अनुमोदित कार्यों का विवरण

| क्र0 | खण्ड का नाम | ब्लॉक का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई किमी0 | दर लाख रू0मे | लागत लाख रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग | अगस्त्यमुनि | निर्माणाधीन कोर्ट भवन के परिसर का अवशेष कार्य। | L.S. | Job | 45.00 |
| 2 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | निरवाली धारकोट झूला पुल का अवशेष कार्य। | L.S. | Job | 30.00 |
| 3 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | तिलवाड़ा(पाटियों तोक) में गजे सिंह जगवाण के मकान के बगल से घाट जाने के रास्ते का निर्माण(सी0सी0, खडिजा का निर्माण)। | L.S. | Job | 10.00 |
| 4 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | पीडा पावौं मोटर मार्ग के किमी0 1 से 6 में अतिरिक्त पहाड कटान व अवशेष कार्य। | L.S. | Job | 10.00 |
| 5 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | ग्राम पंचायत बछनी कुणझापानी में अनुसूचित जाति बस्ती तक मोटर मार्ग। | 0.20 | Job | 10.00 |
| 6 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | स्यूणी ग्राम सभा के अन्तर्गत मुस्यांगांव में मोटर मार्ग निर्माण हेतु अवशेष लागत। | 1.50 | Job | 10.00 |
| 7 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग का डामरीकरण। | 0.50 | Job | 20.00 |
| 8 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | तूना बैठा मोटर मार्ग से बर्सू तक मोटर मार्ग निर्माण। | 0.50 | Job | 10.00 |
| 9 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | गढ़ीधार से कलिंगा तोक तक मोटर मार्ग का निर्माण। | L.S. | Job | 10.00 |
| 10 | –तदैव– | अगस्त्यमुनि | बर्सिल से बमोली मोटर मार्ग का एन0पी0वी0 | L.S. | Job | 10.00 |
| 11 | –तदैव– | जखोली | सेमा बैण्ड से अपर सुमाडी मोटर मार्ग पर ग्राम सुमाडी का अवशेष प्रतिकर | L.S. | Job | 2.00 |
| 12 | –तदैव– | जखोली | दुगड्डा पालाकुराली मोटर मार्ग पर दीवार निर्माण एवं डामरीकरण के अवशेष कार्य | L.S. | Job | 45.00 |
| 13 | –तदैव– | जखोली | गहड दानकोट नौना मोटर मार्ग का अवशेष काय। | L.S. | Job | 10.00 |
| 14 | –तदैव– | जखोली | छेनागाड बक्सीर मोटर मार्ग के किमी0 2 में स्टील गर्डर पुल के अवशेष कार्य। | L.S. | Job | 20.00 |
| 15 | –तदैव– | जखोली | तलपंदेरा से क्वीलाखाल मोटर मार्ग का अवशेष कार्य (दीवार निर्माण, स्कपर निर्माण, आदि) | L.S. | Job | 20.00 |
| 16 | –तदैव– | जखोली | बडियारगड़ धौड़गी सौंराखाल मोटर मार्ग पर क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण। | 3.00 | | 10.00 |
| 17 | –तदैव– | जखोली | सेमा बैण्ड से अपर सुमाडी मोटर मार्ग का अवशेष कार्य। | L.S. | Job | 5.00 |
| 18 | –तदैव– | जखोली | सांगला मोटर मार्ग से चमसारी होते हुए डांगसेरा नामीतोक तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य | L.S | Job | 5.00 |
| 19 | –तदैव– | जखोली | मथ्यागांव से उछोला मोटर मार्ग का निर्माण | 0.20 | Job | 10.00 |
| 20 | –तदैव– | जखोली | बसनिर से सौड़ तक मोटर मार्ग निर्माण। | 0.30 | Job | 10.00 |

Photo Copy Attached

Assistant Engineer
Provincial Division PWD
Rudraprayag

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तदैव | जखोली | मयाली थापली नामे तोक का एन0पी0वी0 | | | 10.00 |
| तदैव | जखोली | पाण्डवथली उछोला माना मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 0.50 | | 25.00 |
| तदैव | जखोली | ग्राम पंचायत कुरछोला से चौमुखखाल, काफलसेर मोटर मार्ग का निर्माण | | L.S | 5.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | डुगंर भटवाड़ी मोटर मार्ग के बुगला तोक से अनुसूचित जाति बस्ती होते हुए भटवाड़ी गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण। | | L.S | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | ग्राम गैर के फलई गदेरे पर पुलिया के मरम्मत कार्य। | | | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | कमसाल से इंटर कालेज कमसाल तक मोटर मार्ग निर्माण। | 1.50 | | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | फाटा से महिषी मर्दिनी मन्दिर तक मोटर मार्ग। | | | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | पिलौंजी से गिरिया मोटर मार्ग। | | | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | चौंडी बैण्ड से ताल तोली होते हुए बनोला तक मोटर मार्ग का निर्माण। | | | 10.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | बणसू–त्यूड़ी मोटर मार्ग का एनपी0वी0 | | | 14.07 |
| तदैव | ऊखीमठ | फाटा से महिषी मर्दिनी मन्दिर तक मोटर मार्ग का एन0पी0वी0 | | | 12.41 |
| तदैव | ऊखीमठ | अन्दरगढ़ी –धारतोलियो मोटर मार्ग के किमी0 1 में पी0सी0 द्वारा डामरीकरण का कार्य। | L.S. | Job | 15.00 |
| तदैव | ऊखीमठ | नागजगई–फेगू–बरमाड़ी मोटर मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्राम टिमरिया तक पी0सी0 द्वारा डामरीकरण का कार्य। | L.S. | Job | 10.00 |
| | | योग | | | **453.48** |

27/11/18

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
रूद्रप्रयाग

अर्थ एवं संख्याधिकारी
रूद्रप्रयाग

मुख्य विकास अधिकारी
रूद्रप्रयाग

जिलाधिकारी
रूद्रप्रयाग

Photo Copy Attached

Assistant Engineer
Provincial Division PWD
Rudraprayag